संदेश

गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

गुरु रविदास एक महान संत, कवि और समाज-सुधारक थे। उन्होंने अपने भक्ति गीतों को, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और समाज में समरसता लाने का माध्यम बनाया। उनकी गणना भक्ति आन्दोलन के महान संतो में की जाती है।

गुरु रविदास जी ने सभी लोगों को, बिना किसी भेद-भाव के परस्पर प्रेम और समता का व्यवहार करने का संदेश दिया। शांति और भाई-चारे की उनकी शिक्षाएं आज, पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। एक प्रबुद्ध आध्यात्मिक विभूति और महान समाज सुधारक के रूप में गुरु रविदास जी ने लोगों को कर्मनिष्ठा और सहिष्णुता का मंत्र दिया।

आइए, हम सब गुरु रविदास जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलते हुए समता, समरसता और समन्वय पर आधारित समाज के निर्माण में भरपूर योगदान करते रहने का संकल्प लें।

****